दिन– शनिवार   दिनांक– 18 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।   अवधि 05 मिनट

लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी है। संसद का यह विशेष सत्र नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित तीन संशोधन विधेयकों को पारित कराने के लिए आयोजित किया गया था। कल लोकसभा में संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक पारित नहीं हो सका। इस विधेयक में लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित रखने का प्रावधान था। सदन में उपस्थित कुल पांच सौ अट्ठाईस सदस्यों में दो सौ अंठानवे सांसदों ने इसके पक्ष में और दो सौ तीस ने इसके विरोध में मतदान किया, जो दो तिहाई बहुमत से कम था।

———————————————————

पूर्व मुख्यमंत्री और जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हुई। श्री कुमार ने दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव से भी मुलाकात की। माना जा रहा है कि राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालातों और कैबिनेट विस्तार को लेकर मुख्य रूप से चर्चा हुई है। इधर, राज्य सरकार ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव की सुरक्षा बढ़ा दी है। दोनों को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है।

———————————————————

हज यात्रा दो हजार छब्बीस के लिए राज्य के हज यात्रियों का पहला तीन जत्था आज दिल्ली, मुंबई और कोलकाता हवाई अड्डे से रवाना हुआ। इस वर्ष बिहार से दो हजार पांच सौ बावन लोग हज के मुबारक सफर पर जा रहे हैं। बिहार हज कमिटी के सीईओ राशिद हुसैन ने बताया कि पांच मई तक हाजियों का जत्था मदीना जाएगा, जबकि छह मई से बीस मई तक जाने वाले यात्री जेद्दा हवाई अड्डे पर उतरेंगे। उन्होंने बताया कि हज यात्रा के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने बेहतर इंतजाम किये हैं और हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को सुरक्षा और सुविधा मुहैया कराई जा रही है।

———————————————————————

विश्व धरोहर दिवस आज मनाया जा रहा है। सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत की विविधता, संवेदनशीलता और महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रदेशभर में कई कायक्रम का आयोजन किया जा रहा है। हमारे गया संवाददाता ने बताया है कि विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर परिसर में विशेष पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर प्रबंधक समिति के पदाधिकारी, बौद्ध विद्वानों और भिक्षुओं ने भाग लिया। पटना स्थित बिहार संग्रहालय, खुदाबख्श केंद्रीय पुस्तकालय और अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे उस वीडियो का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि सभी भारतीय नागरिकों को देश छोड़ने से पहले हर बार आयकर क्लीयरेंस प्रमाणपत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया है कि यह दावा निराधार है। इकाई ने कहा कि आयकर क्लीयरेंस प्रमाणपत्र सभी के लिए अनिवार्य नहीं है और कुछ कानूनी परिस्थितियों में ही विशिष्ट व्यक्तियों के लिए इसकी आवश्यकता होती है।

———————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव के कारण राज्य के विभिन्न भागों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। राज्य के कई क्षेत्रों में अधिकतम पारा इकतालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर जिले का भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि कल से राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में अनेक स्थानों पर लू चलने की संभावना है। इधर, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लू और गर्मी से बचने के लिए लोगों से आवश्यक उपाए करने की अपील की है। प्राधिकरण ने कहा है कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें, खाली पेट बाहर न निकलें और साथ में पानी अवश्य रखें।

———————————————————————

अररिया के जिलाधिकरी विनोद दूहन और पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने आज मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों को दी जा रही सुविधाओं और कारा की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।